शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छ.ग., भारत, पिन–494001

पत्र क्रं /8130/श.म.क.वि.वि./2024–25. जगदलपुर, दिनांक 20/11/2024

प्रति

समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष
संबद्ध समस्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, छ.ग.

विषयः– अन्तरमहाविद्यालयीन युवा–उत्सव (चयन स्पर्धा) का आयोजन 05/12/2024 की सूचना बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) नई दिल्ली के तत्वाधान में क्राईस्ट विश्वविद्यालय बैंगलोर में साऊथ–ईस्ट जोन अन्तरविश्वविद्यालयीन युवा–उत्सव का आयोजन दिनाँक 19/12/2024 से 23/12/2024 तक है। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर से अंतरविश्वविद्यालयीन युवा–उत्सव में प्रतिभागी दल भाग लेने हेतु अंतरमहाविद्यालयीन युवा–उत्सव (चयन स्पर्धा) का आयोजन शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर के कालीपुर स्थित शिक्षा अध्ययनशाला में दिनाँक 05/12/2024 को प्रातः 10.30 बजे शुभारम्भ किया जाएगा। प्रतियोगिता में **लोक नृत्य (सामूहिक/एकल/शास्त्रीय)**, गायन (सामूहिक/एकल/शास्त्रीय), संगीत, शास्त्रीय/पाश्चात्य संगीत, क्विज, तात्कालिक वाद–विवाद, थिऐटर, मिमिक्री, पेंटिंग, कोलौज, पोस्टर मेकिंग, क्लेमॉडलिंग, कार्टूनिंग, रंगोली, फोटोग्राफी, स्टॉलेशन, मेहंदी आदि विधाओ को शामिल किया गया है। इस चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियो का विधावार चयन कर प्रविष्टियाँ अर्हता सहित दिनाँक 01/12/2024 तक प्राचार्य/विभागाध्यक्ष के माध्यम से सास्कृतिक समन्वयक (मोबाईल नम्बर: 8109186803) शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि इसकी सूचना अपने विद्यार्थियो को पूर्व में दे देवें तथा प्रविष्टियाँ भेजते समय भारतीय विश्वविद्यालय संघ की नियमावली का पालन सुनिश्चित करे। चूंकि प्रतिभागीगण की प्रविष्टियाँ महावि/अध्ययनशालाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त होती है। अतः प्राचार्य/विभागाध्यक्षों से निवेदन है कि अपने प्रतिभागियो को यह निर्देशित करे कि वे उपरोक्त में से किसी एक विधा में ही भाग ले ताकि विधाओ के मध्य ओवरलेपिंग की संभावना न रहे और युवा–उत्सव का संपादन सुचारू रूप से किया जा सके।

विशेषः–

1. प्रतिभागियो का उम्र दिनाँकः 01.07.2024 की स्थिति मे 25 वर्ष से अधिक नहीं होने चाहिए।
2. कृपया वाद–विवाद में एक पक्ष एवं दूसरा विपक्ष मे विद्यार्थी का चयन कर सूची प्रेषित करे।
3. विधाओ में एक से अधिक प्रतिभागियों की प्रविष्टियाँ प्राप्त होने पर निर्णायक मण्डल की अनुसंशा से ही विधा का चयन किया जायेगा। प्रतिभागी उपरोक्त तिथि को उपस्थित होने की व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित करेंगे।
4. विधाओ एवं नियमो की विस्तृत जानकारी भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के वेबसाईट https://www.aiu.ac.in पर अवलोकन कर विधावार सूची प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

(माननीय कुलपति महोदय जी के आदेशानुसार)

20.11.24

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

पृ. क्र. /8131/श.म.क.वि.वि./2024–25. जगदलपुर, दिनांक 20/11/2024

प्रतिलिपिः–

1. मान. कुलपति महोदय जी के निज सहायक, श.म.क.वि.वि., बस्तर, जगदलपुर, छ.ग. को सूचनार्थ।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ।

Anushri 20/11/24

डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा
सांस्कृतिक समन्वयक
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

email- smkvculturalyuthfestival2024@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner